नर सेवा! नारायण सेवा!

सेवा कार्यो के लिए समर्पित

# सेवा अंक

(हिंदी मासिक समाचार)

Website : www.sewabhartimeerutprant.in

अंक 04 फाल्गुन चैत्र सम्वत 2079-2080 मार्च 2023










सेवा भारती द्वारा सेवा निधि संग्रह अभियान के अंतर्गत सभी विभागों की बैठक अमरोहा, लक्ष्मीनगर, बुलंदशहर तथा नोएडा में रही। इन सभी बैठकों में मेरठ प्रांत के सभी जिलों के 350 प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा धन संग्रह अभियान को लेकर अपने अपने वर्त दिए। मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सेवा प्रमुख श्री धनीराम जी, क्षेत्रीय संगठन मंत्री श्री अनिल जी रहे साथ में रा स्व सं के प्रांत सेवा प्रमुख श्रीमान कुलदीप जी सेवा भारती के अध्यक्ष श्री कैलाश जी प्रांत मंत्री श्री आनंद पाल जी मात्र मंडल संयोजिका देवी नंदा जी रही।

फेसबुक: सेवा भारती मेरठ प्रांत ट्विटर : सेवा भारती, मेरठ प्रांत

इंस्टाग्राम : @sevabhartimeerut_ YouTube यूट्यूब : सेवा भारती मेरठ प्रांत

आयकर आयुक्त मेरठ द्वारा आयकर अधिनियम धारा 80 जी के अधीन कर मुक्त PAN : AABTS3018H

SEWA BHARTI MEERUT PRANT ACCOUNT DETAILS

"SEWA BHARTI MEERUT", BANK : “PUNJAB NATIONAL BANK”, SB A/C –“1819000100013417”,

BRANCH : ZEEMKHANA, Meerut , IFSC CODE:- “PUNBO181900”



सेवा भारती मातृ मण्डल रामपुर द्वारा हनुमानचालीसा का पाठ



गाजियाबाद जिला संचालित द्वारा नूर सिलाई केंद्र





सेवा भारती द्वारा हरनंदी महानगर के केंद्रों का वार्षिक उत्सव मनाया गया और प्रमाण पत्र वितरित किए गए



गाजियाबाद जिला द्वारा डासना में बाल संस्कार केंद्र




नोएडा सेक्टर 78 में महर्षि बाल्मीकि सिलाई केंद्र



माता अमृतानंदमई सेवा प्रकल्प में किशोरी विकास केन्द्र




हापुड़ न्यू भीम नगर में भाई बहनों के साथ होली दिवस




सेवा भारती जिला अनूपशहर के खंड नरोरा में बालविकास केंद्र



नोएडा के जोड़ में सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया



गाजियाबाद नगर द्वारा संचालित छत्रपतिशिवाजी केंद्र रजापुर



सेवा भारती ऐश्वर्या मेहंदी केंद्र महानगर गाजियाबाद







सेवा भारती मेरठ महानगर द्वारा संत रविदास जयंती मनाई गई इस कार्यक्रम में सेवा केंद्रों से 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 51 विद्यार्थियों को पटका पहनाया गया और उन्हें एक-एक किट अतिथियों द्वारा दी गई साथ -साथ 5 बुजुर्गों को भी सम्मान दिया गया। मुख्य अतिथि ने बताया कि "कटौती में ही गंगा" यह चरितार्थ संत श्री रविदास जी के द्वारा हुआ।

---

सुभाषित

## तुलसी मीठे वचन से सुख उपजत चहुँ ओर। वशीकरण एक मंत्र है, तज दे वचन कठोर।।

भावार्थः तुलसीदासजी कहते हैं कि मीठे वचन बोलने से चारो ओर सुख पैदा होता है अर्थात बोलने वाले तथा सुनने वालों को भी सुख प्राप्त होता है यह सबके मन को वश में करने वाला मंत्र है अतः कठोर वचन नही बोलने चाहिए।





सेवा भारती बुलंदशहर नगर द्वारा चलाए जा रहे कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र पर परीक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण करते हुए।




सेवा भारती जनपद बागपत के चिकित्सा केंद्र टटीरी पर



हरनंदी में राहुलविहार में किशोरी विकास केंद्र के लिए प्रशिक्षण

**बोधकथा** *व्यक्ति निर्माण*

एक मन्दिर बन रहा था। देश भर से आए शिल्पी पत्थरों पर छैनी से काम कर रहे थे। एक पत्थर कारीगरों के मुखिया ने बेकार समझकर फेंक दिया। रास्ते में पड़ा वह पत्थर मजदूर–राहगीरों की ठोकरें खाता इधर–उधर होता व उदास मन से देखता रहता कि और तो संवरकर मूर्ति का रूप लेकर निखर रहे हैं। मै अभागा पैरों के नीचे दबाया जा रहा हूं। एक दिन एक राजकलाकार उधर से गुजरा। उसने वह बेकार पड़ा पत्थर उठाया, छैनी चलानी आरम्भ की व देखते–देखते कुछ ही घंटों मे ंएक सुन्दर सी मूर्ति तराशकर खड़ी कर दी। सबने उसकी प्रशंसा की कि वह बड़ा प्रतिभाशाली है। एक राह के रोड़े को रूपांतरित कर दिया। कलाकार बोला– मैं तो औरों की तरह ही हूं जो पत्थर में से प्रकट किया है वह था पत्थर के अंदर ही। मैने तो मात्र पहचाना व उकेरा है। हम सबके भीतर महानतम, श्रेष्ठतम बनने की संभावनाएं हैं। कभी–कभी जीवन को गढ़ने वाला कोई कलाकार, गुरू, मार्गदर्शक मिल जाता है तो हम क्या से क्या बन जाते हैं। सौभाग्य का यह अवसर सबके लिए समान रूप से हैं।

**स्वत्वाधिकारी सेवा भारती मेरठ प्रांत द्वारा प्रकाशित मासिक समाचार दर्शन, प्रचार विषय पालक आलोक अग्रवाल 7017518707 द्वारा मुद्रित सेवा भारती सेवा धाम अपेक्स सिटी बागपत रोड मेरठ द्वारा प्रकाशित**